# प्रदेश की अर्थव्यवस्था दस खरब डॉलर पहुंचाने में मदद करेगा नीति आयोग



नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुमन बेरी और सीईओ परमेश्वरन अय्यर ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। फोटो- विज्ञप्ति

## सहयोग के लिए आयोग की एक टीम लखनऊ में रहेगी

## आयोग के उपाध्यक्ष, सीईओ व सलाहकार ने की सीएम से भेंट

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दस खरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करने में नीति आयोग मदद करेगा। इसके लिए नीति आयोग की एक टीम लखनऊ में रहेगी। यही नहीं नीति आयोग की टीम स्थायी और समग्र विकास के कार्यों में भी राज्य सरकार का सहयोग करेगी। नीति आयोग के अधिकारी शासन व प्रशासन को आवश्यकतानुसार तकनीकी सहयोग भी प्रदान करेंगे। इसका भरोसा नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुमन बेरी और सीईओ परमेश्वरन अय्यर ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान दिया है।

योगी और नीति आयोग के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आई टीम की बैठक में प्रदेश में चल रहीं विभिन्न योजनाओं के साथ ही विकास कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। आयोग के अधिकारियों ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार के नीतिगत क्रियान्वयन की सराहना की। उपाध्यक्ष ने कहा कि यूपी में काफी क्षमता और अपार संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग के अधिकारियों को बताया कि अगले वर्ष जनवरी में 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट' का आयोजन प्रस्तावित है। इस बार 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य है। यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था दस खरब डॉलर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होगी। उप्र देश की छठवीं से दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने प्रदेश में स्वच्छ भारत अभियान के क्रियान्वयन व कोविड महामारी के दौरान बेहतर प्रबंधन को सराहा। साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश में जापानी इंसेफेलाइटिस के नियंत्रण के प्रयासों की भी तारीफ की।